कक्षा 6 · सामाजिक विज्ञान

महासागर एवं महाद्वीप

समाज का अध्ययन : भारत और उसके आगे · अध्याय 2

MARUSHALA

भरत चौधरी और वनिता कुमारी ने बनाया · marushala.com

अध्याय से पहले: जूल्स वर्न

"महासागर ही सब कुछ है। यह पृथ्वी के 7/10 वें भाग पर व्याप्त है।"

जूल्स वर्न (1870)

जूल्स वर्न कहते हैं, महासागर ही सब कुछ है। आप सहमत हैं? हाथ उठाइए, और यह गिनती याद रखिए।

पृष्ठ 27

किताब के दो महत्वपूर्ण प्रश्न

- “महासागर एवं महाद्वीप क्या हैं? उनके नाम क्या हैं एवं उनका वितरण कैसा है?”
- “महासागर एवं महाद्वीप पृथ्वी पर जीवन को, जिसमें मानव जीवन भी सम्मिलित है, किस प्रकार प्रभावित करते हैं?”

हमारी ओर से: ये दोनों प्रश्न चार्ट पेपर पर लिखकर कक्षा में टाँग दीजिए। अध्याय के आख़िर में इन्हीं पर लौटेंगे।

1

नीला ग्रह, और जल के दो प्रकार

ग्लोब को घुमाइए और देखिए। नीला रंग ज़्यादा है या भूरा? पहले अंदाज़ा लगाइए।


पृष्ठ 27

चित्र 2.1: अंतरिक्ष से पृथ्वी

- यह छायाचित्र बच्चे किताब खोलकर देखें; अगली स्लाइड पर ऐसा ही एक और छायाचित्र है
- बीच में हिंद महासागर; बाईं ओर अफ़्रीका, ऊपर भारत और एशिया के भाग, दाईं ओर आस्ट्रेलिया, नीचे अंटार्कटिका
- किताब के अनुसार यह छायाचित्र लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर ने लिया

हमारी ओर से: पूछिए: चित्र में सबसे ज़्यादा कौन-सा रंग है? भारत कहाँ है?

अंतरिक्ष से पृथ्वी: एक और छायाचित्र



अंतरिक्ष से पृथ्वी, 21 दिसंबर 2025

Image: NASA EPIC Team, DSCOVR spacecraft, 21 December 2025; free to reuse with credit.

- चित्र 2.1 जैसा ही दृश्य, बस एक दूसरे यान “डिस्कवर” के कैमरे से खींचा गया; बीच में हिंद महासागर

हमारी ओर से: पूछिए: नीला कितना ज़्यादा है, और भूरी ज़मीन कितनी कम? सफ़ेद आकृतियों पर कालांश 3 में लौटेंगे।

तीन-चौथाई जल

3/4 “वास्तव में पृथ्वी का तीन-चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है।”

हमारी ओर से: ग्लोब वाला अंदाज़ा अब मिलाइए: चार में से तीन भाग जल।

पृष्ठ 28

नीला ग्रह

- नीला रंग जल का है, और भूरा रंग भूमि का
- भूमि “ग्लोब के लगभग एक-चौथाई भाग पर फैला हुआ है।”
- “आरंभिक अंतरिक्ष यात्रियों ने स्नेहपूर्वक पृथ्वी को ‘नीला ग्रह’ कहकर पुकारा।”

हमारी ओर से: पूछिए: आप पृथ्वी को कोई प्यार का नाम देते, तो क्या देते?

पृष्ठ 27–28

7/10 या तीन-चौथाई?

जूल्स वर्न का उद्धरण

- “पृथ्वी के 7/10 वें भाग पर व्याप्त है”

किताब का अपना वाक्य

- “पृथ्वी का तीन-चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है”

हमारी ओर से: दोनों को एक ही वाक्य मत मानिए। 7/10 जूल्स वर्न का है, तीन-चौथाई किताब का। दोनों से एक बात साफ़ है: पृथ्वी पर भूमि से कहीं ज़्यादा जल है।

पृष्ठ 28


महासागर, भूखंड, महाद्वीप

- “ग्लोब पर हम जो सबसे बड़ी जलराशियाँ देखते हैं, उन्हें ‘महासागर’ कहते हैं।”
- “भूमि के एक बड़े भाग को ‘भूखंड’ कहते हैं एवं भूमि के एक बड़े निरंतर विस्तार को ‘महाद्वीप’ कहा जाता है।”
- “पृथ्वी की जलवायु के निर्माण में महासागर एवं महाद्वीप दोनों महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।”

ध्यान रखें: नौसेना का आदर्श वाक्य

- भारतीय नौसेना के प्रतीक चिह्न पर आदर्श वाक्य: ‘शं नो वरुण:’
- अर्थ: “हे वरुण! हमारे लिए कल्याणकारी हों”
- “यह महासागर, आकाश तथा जल से संबंधित वैदिक देवता वरुण की स्तुति है।”

चित्र 2.2: दो ध्रुवों के ऊपर से पृथ्वी



चित्र 2.2 — उत्तर ध्रुव (बाएँ) एवं दक्षिण ध्रुव (दाएँ) के ऊपर से दिखता पृथ्वी का मानचित्रकिताब के पृष्ठ 29 के चित्र 2.2 के आधार पर हमारा बनाया चित्र

- “जैसा कि हम देखते हैं, महासागर और महाद्वीप उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध में समान रूप से वितरित नहीं हैं।”

हमारी ओर से: दोनों गोलों में भूमि की तुलना करवाइए। बाएँ गोले के बीच में क्या है, और दाएँ के बीच में?

पृष्ठ 29

किताब की गतिविधि: आइए पता लगाएँ

- “किस गोलार्ध में अधिक जल है?”
- “आपके अनुसार उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्ध में जल एवं भूमि का अनुपात कितना होगा? समूह में चर्चा कीजिए।”
- “क्या सभी महासागर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं या उनके बीच कोई विभाजन है?”

किताब में यहीं चित्र 2.2 की गोल रेखाओं पर भी सवाल है। हमारी ओर से: आख़िरी सवाल को अभी खुला छोड़िए; अगले कालांश में किताब इसका जवाब देती है।

जल के दो प्रकार

लवणीय (खारा) जल

- “पृथ्वी पर उपलब्ध जल का अधिकांश भाग महासागरों में है”
- “मानव सहित बहुत से स्थलीय जीवों के उपभोग के लिए अनुपयोगी है”

अलवणीय जल (पेय जल)

- “पृथ्वी के जल संसाधनों में अत्यल्प हिस्सा है”
- “यह हिमनद (ग्लेशियर), नदियों, झीलों, वायुमंडल एवं भूमिगत जल के रूप में व्याप्त है।”

पृष्ठ 31

किताब की गतिविधि: आइए विचार करें

- “जब पृथ्वी पर जल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, फिर भी ‘जल की कमी’ अथवा ‘जल संकट’ की इतनी चर्चा क्यों सुनाई देती है?”
- “जल संरक्षण के कौन-कौन से उपायों से आप अवगत हैं? इनमें से किसका उपयोग आपने अपने घर, विद्यालय, गाँव, उपनगरों एवं नगरों में होते देखा है?”

हमारी ओर से: पहले सवाल पर पिछली स्लाइड याद दिलाइए। दूसरे पर अपने गाँव या मोहल्ले में पानी बचाने के तरीक़े बच्चों से ही सुनिए।

निकास-पर्ची: लवणीय और अलवणीय जल में एक अंतर लिखिए, और अलवणीय जल कहाँ-कहाँ मिलता है।

2

पाँच महासागर

क्या समुद्र में कोई दीवार या रेखा होती है, जहाँ एक महासागर ख़त्म होकर दूसरा शुरू हो जाए?

पृष्ठ 31

पाँच महासागर

5 “प्रशांत महासागर, अटलांटिक महासागर, हिंद महासागर, आर्कटिक महासागर एवं दक्षिणी (अथवा अंटार्कटिका) महासागर”

पृष्ठ 31

पर ये अलग-अलग नहीं हैं

“ये वास्तव में अलग-अलग नहीं हैं।”

पाठ्यपुस्तक

हमारी ओर से: पिछले कालांश का खुला सवाल याद कीजिए: क्या सभी महासागर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं? अब बच्चे इसी पंक्ति से जवाब दें।

पृष्ठ 31

सीमाएँ प्रचलन हैं, प्रकृति की नहीं

- किताब कहती है कि महासागरों का यह सीमांकन “प्रचलन से अधिक कुछ नहीं” है
- क्योंकि “प्राकृतिक जगत ऐसी किन्हीं भी सीमाओं का पालन नहीं करता है।”
- “उदाहरणतया समुद्री जल विभिन्न महासागरों में बहता रहता है जो विविधतापूर्ण समुद्री जीवन को समृद्ध करने में सहायक है।”

हमारी ओर से: पूछिए: मछली को कैसे पता चलेगा कि वह हिंद महासागर से निकलकर प्रशांत में आ गई?

पृष्ठ 31

समुद्र में जीवन

- “समुद्री वनस्पति जगत में छोटे पौधे एवं सभी समुद्री शैवाल (Algae and Seaweeds) सम्मिलित हैं।”
- “समुद्री प्राणि जगत में हजारों प्रजातियों की रंगीन मछलियाँ, डॉल्फिन, ह्वेल और अनगिनत रहस्यमयी गहरे समुद्री जीव शामिल हैं।”
- “सूर्य की रोशनी वाली सतह से लेकर अंधेरी गहराइयों तक समुद्र के प्रत्येक क्षेत्र में जीवन के विविध रूप पाए जाते हैं।”

पृष्ठ 30

समुद्री जीवन: किताब का चित्र-पन्ना

- किताब में यह पूरा पन्ना तस्वीरों का है; अगली तीन स्लाइडों पर इन्हीं नौ जीवों की फ़ोटो हैं, इसी क्रम में
- तस्वीरों में: प्रवाल भित्ति, तारामीन, शार्क, स्पर्म ह्वेल (माँ और शिशु), डॉल्फिन, बहुरंगी मछलियाँ, शैवाल, एंपरर पेंग्विन, समुद्री टर्टल

समुद्री जीवन की फ़ोटो: भाग 1



प्रवाल भित्ति

Photo: Tom Moore/NOAA, Flower Garden Banks National Marine Sanctuary; Wikimedia Commons, public domain.



तारामीन और समुद्री ऐनीमोन

Photo: Robert Schwemmer, NOAA, San Simeon Point, California; Wikimedia Commons, public domain.



शार्क (ह्वेल शार्क)

Photo: Kevin Lino/NOAA, Flower Garden Banks National Marine Sanctuary; Wikimedia Commons, public domain.

हमारी ओर से: पूछिए: ह्वेल शार्क ह्वेल है या मछली? (मछली, और सबसे बड़ी शार्क। यह पानी छानकर उसमें तैरते नन्हे जीव खाती है।)

समुद्री जीवन की फ़ोटो: भाग 2




स्पर्म ह्वेल (माँ एवं शिशु)

Photo: Gabriel Barathieu, "Mother and baby sperm whale", off Mauritius; Wikimedia Commons, CC BY-SA 2.0.



डॉल्फिन

Photo: NOAA Photo Library (anim1072); Wikimedia Commons, public domain.



बहुरंगी मछलियाँ, प्रवाल भित्ति पर

Photo: Wendy Cover/NOAA, Rose Atoll, National Marine Sanctuary of American Samoa; Wikimedia Commons, public domain.

हमारी ओर से: पूछिए: किताब के प्राणि जगत वाले वाक्य में इनमें से कौन-कौन है? (तीनों: ह्वेल, डॉल्फिन और रंगीन मछलियाँ।)

समुद्री जीवन की फ़ोटो: भाग 3



शैवाल

Photo: NOAA Photo Library (sanc0001), Channel Islands National Marine Sanctuary; Wikimedia Commons, public domain.



एंपरर पेंग्विन

Photo: Dr. Robert Ricker, NOAA/NOS/ORR, Mawson ice edge, Antarctica, November 1981; Wikimedia Commons, public domain.




समुद्री टर्टल

Photo: Claire Fackler/NOAA, Hawaiian Islands Humpback Whale National Marine Sanctuary; Wikimedia Commons, public domain.

हमारी ओर से: हर बच्चा इन नौ में से एक जीव चुने और बताए कि वह वनस्पति जगत में आएगा या प्राणि जगत में (किताब के शब्द “समुद्र में जीवन” वाली स्लाइड पर हैं)। नौ में वनस्पति सिर्फ़ शैवाल है।

चित्र 2.3: पाँच महासागर



किताब की गतिविधि: कौन-सा महासागर किस गोलार्ध में?

महासागर	उत्तरी गोलार्ध	दक्षिणी गोलार्ध
प्रशांत	?	?
अटलांटिक	?	?
हिंद	?	?
दक्षिणी	?	?
आर्कटिक	?	?

हमारी ओर से: बच्चे चित्र 2.3 में भूमध्य रेखा के ऊपर और नीचे देखकर भरें। कोई महासागर दोनों खानों में भी आ सकता है।

बड़े से छोटे: किताब का क्रम

क्रम	महासागर
1	प्रशांत, “सबसे बड़ा”
2	अटलांटिक
3	हिंद
4	दक्षिणी
5	आर्कटिक, “सबसे छोटा”

किताब कहती है कि “मानचित्र में देखने पर” यह क्रम स्पष्ट हो जाता है। हमारी ओर से: उसी मानचित्र पर यह भी लिखा है कि वह पैमाने पर आधारित नहीं है, इसलिए क्रम किताब की पंक्ति से याद करवाइए; मानचित्र पर आकार नापकर तुलना न करवाइए।

निकास-पर्ची: किताब महासागरों की सीमाओं को प्रचलन क्यों कहती है? एक वाक्य में लिखिए।

3

हिंद महासागर, और आपदाएँ

भारत के मानचित्र में पश्चिम और पूर्व की ओर हिंद महासागर के कौन-से दो भाग दिखते हैं? नाम बताइए।


पृष्ठ 33

ध्यान रखें: हिंद महासागर का विस्तार

- “हिंद महासागर का विस्तार उत्तर में एशिया, पश्चिम में अफ्रीका, पूर्व में आस्ट्रेलिया एवं दक्षिण में दक्षिणी महासागर तक है।”
- “भारत के दोनों ओर हिंद महासागर के दो भाग दिखाई देते हैं— पश्चिम में अरब सागर और पूर्व में बंगाल की खाड़ी।”

हमारी ओर से: चित्र 2.3 वाली स्लाइड पर चारों दिशाएँ उँगली से दिखवाइए।

चित्र 2.4: अरब सागर, बंगाल की खाड़ी, दो द्वीप समूह



चित्र 2.1 फिर देखिए। पृथ्वी पर जगह-जगह सफ़ेद आकृतियाँ हैं। ये क्या हो सकती हैं?

पृष्ठ 33

महासागर से वर्षा

- “वे बादलों के विशाल समूह हैं। ये बादल महाद्वीपों में वर्षा लाते हैं।”
- “उदाहरण के लिए, भारत में होने वाली अपेक्षित मानसूनी वर्षा महासागरों से उत्पन्न होती है।”
- “इस वर्षा के अभाव में हमारी कृषि और पूरा जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा।”

हमारी ओर से: पूछिए: आपके घर में बारिश का इंतज़ार कौन सबसे ज़्यादा करता है, और क्यों?

पृष्ठ 33–34

दो आपदाएँ, किताब के शब्दों में


चक्रवात

- महासागर तूफ़ानों को भी जन्म देते हैं: “अति प्रचंड हवाएँ जैसे कि चक्रवात”
- “विश्व के तटीय क्षेत्रों में दूर-दूर तक क्षति पहुँचाते हैं”

सुनामी

- “विशाल और शक्तिशाली तरंगें”
- “महासागर तल में तीव्र भूकंप अथवा ज्वालामुखी के फटने के कारण आती हैं”
- “हजारों किलोमीटर तक जाकर तटीय क्षेत्रों को डुबा सकती है”

चक्रवात, उपग्रह से



बंगाल की खाड़ी, 1 मई 2019

NASA Earth Observatory image by Joshua Stevens, using MODIS data from NASA EOSDIS/LANCE and GIBS/Worldview: Tropical Cyclone Fani, 1 May 2019; public domain (NASA).

- समुद्र के ऊपर बादलों का यह विशाल घेरा एक चक्रवात है; बादल एक केंद्र के चारों ओर घूमते दिखते हैं
- उस दिन यह भारत के पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा था

हमारी ओर से: पूछिए: फ़ोटो में भारत की ज़मीन किस ओर है, और चक्रवात किस ओर?

ध्यान रखें: 2004 की सुनामी

बात	किताब में
कब	26 दिसंबर 2004
कौन प्रभावित	“हिंद महासागर के आस-पास भारत और अन्य 13 देश”
क्यों	“इंडोनेशिया में आए भूकंप के कारण”
कितनी हानि	“दो लाख से अधिक लोगों की जान गई”
भारत में	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, तमिलनाडु और केरल के तटीय क्षेत्र

हमारी ओर से: चित्र 2.4 में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह फिर ढूँढिए।

पहले से चेतावनी, और आपदा प्रबंधन

- “इस प्रकार की सुनामी कभी-कभी आती है, किंतु यह अत्यंत विध्वंसकारी होती है।”
- “हालाँकि तट से टकराने से पहले इसका अनुमान लगाया जा सकता है।”
- “विशेषकर भारत समेत बहुत से देश ‘हिंद महासागर सुनामी चेतावनी प्रणाली’ में सहयोग कर रहे हैं।”
- “जिन घटनाओं के कारण जान और माल की क्षति होती है, उन्हें आपदा प्रबंधन के अंतर्गत नियंत्रित किया जाता है।”
- “भारत में सभी प्रकार की आपदाओं का सामना करने के लिए ‘राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण’ है”

सुनामी, और उससे निपटने की तैयारी

सुनामी महासागर तल में भूकंप या ज्वालामुखी
कभी-कभी आती है, पर बहुत विनाश करती है

तट से टकराने से पहले

अनुमान हिंद महासागर सुनामी चेतावनी प्रणाली
भारत समेत बहुत से देश मिलकर

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
भारत में सभी प्रकार की आपदाओं का सामना करने के लिए

हमारी ओर से: यह चित्र हमने बनाया है; इसकी हर बात किताब के पृष्ठ 34 से है।

निकास-पर्ची: महासागर हमें वर्षा भी देते हैं और आपदा भी। दोनों का एक-एक उदाहरण लिखिए।

4

महाद्वीप और द्वीप

दुनिया में कितने महाद्वीप हैं? हर बच्चा एक संख्या बोले; बोर्ड पर लिखते जाइए।

जवाब इतना सरल नहीं

4 से 7 “यह हमारी रुचि पर निर्भर करता है कि हम चार से सात के बीच किसी भी संख्या की सूची बना सकते हैं!”

किताब पहले कहती है: “इसका उत्तर इतना सरल नहीं है क्योंकि इनकी गिनती कई प्रकार से की जा सकती है।” हमारी ओर से: बोर्ड पर लिखी संख्याएँ अब देखिए।

पृष्ठ 34–35

एक भूखंड, दो नाम

- उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका: “परंतु यदि देखा जाए तो यह एक ही भूखंड है। इन्हें एक भी समझा जा सकता है।”
- “यूरोप और एशिया को सामान्यत: दो महाद्वीप माना जाता है, यद्यपि मानचित्र में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि वह एक ही भूखंड है।”
- किताब के अनुसार भूगर्भशास्त्री इन दोनों को आम तौर पर एक ही महाद्वीप मानते हैं, जिसे ‘यूरेशिया’ कहा जाता है
- “अफ्रीका और यूरेशिया को सामान्यत: दो महाद्वीप समझा जाता है और कभी-कभी एक भी समझा जाता है।”

हमारी ओर से: चित्र 2.3 वाली स्लाइड पर ये जुड़े हुए भूखंड बच्चों से ढूँढवाइए।

किताब की तालिका: महाद्वीपों की गिनती

गिनती	महाद्वीप
चार महाद्वीप	अफ्रीका-यूरेशिया, अमेरिका, अंटार्कटिका, आस्ट्रेलिया
पाँच महाद्वीप	अफ्रीका, अमेरिका, अंटार्कटिका, आस्ट्रेलिया, यूरेशिया
छह महाद्वीप	अफ्रीका, अंटार्कटिका, आस्ट्रेलिया, यूरेशिया, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका
सात महाद्वीप	अफ्रीका, अंटार्कटिका, आस्ट्रेलिया, एशिया, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, यूरोप

“व्यावहारिक रूप से सात महाद्वीपों की अंतिम सूची को ही व्यापक रूप से अपनाया और प्रयोग में लाया जाता है।”

सात से चार तक, एक चित्र में



हमारी ओर से: चारों सूचियाँ किताब की तालिका (पृष्ठ 35) से हैं; जोड़ने का यह क्रम हमारा है।


पृष्ठ 35

ध्यान रखें: ओलंपिक के पाँच छल्ले

- छल्लों का चित्र किताब में है; बच्चे किताब खोलकर देखें
- “ये छल्ले विश्व-भर से खिलाड़ियों के एकत्र होने का प्रतीक हैं।”
- “इन छल्लों को पाँच बसे हुए महाद्वीपों— अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, आस्ट्रेलिया और यूरोप का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था।”

हमारी ओर से: छल्लों वाली सूची को सात वाली सूची से मिलवाइए। कौन-सा महाद्वीप इसमें नहीं है, और कौन-से दो यहाँ एक गिने गए हैं?

सात महाद्वीपों का सापेक्षिक आकार



पृष्ठ 36

किताब की गतिविधि: वर्ग गिनिए

- “वर्गों की संख्या को गिनिए और सबसे बड़े एवं सबसे छोटे महाद्वीप का नाम बताइए।”
- “कौन-सा महाद्वीप बड़ा है— उत्तरी अमेरिका अथवा दक्षिणी अमेरिका? अफ्रीका अथवा उत्तरी अमेरिका? अंटार्कटिका अथवा आस्ट्रेलिया?”
- “आरेख में यूरोप और एशिया को एक ही रंग से भरिए और उसे यूरेशिया नाम दीजिए। उसके आकार की तुलना दक्षिणी अमेरिका से कीजिए।”
- “छोटे महाद्वीप से लेकर बड़े महाद्वीप तक की सूची बनाइए।”

हमारी ओर से: हर समूह को एक महाद्वीप दीजिए। सबकी गिनती बोर्ड पर लिखवाइए, फिर मिलकर तुलना कीजिए।

हमारी गिनती: किस महाद्वीप में कितने वर्ग

महाद्वीप	वर्ग
एशिया	51
अफ्रीका	30
उत्तरी अमेरिका	21
दक्षिणी अमेरिका	18
अंटार्कटिका	13
यूरोप	11
आस्ट्रेलिया	8

हमारी ओर से: यह गिनती हमारी है; किताब के आरेख में संख्याएँ नहीं लिखीं। बच्चों की गिनती के बाद ही दिखाइए। यूरोप और एशिया मिलाकर 62 वर्ग होते हैं, यानी दक्षिणी अमेरिका के तीन गुने से भी ज़्यादा।

आस्ट्रेलिया भी चारों ओर जल से घिरा है। फिर वह द्वीप क्यों नहीं कहलाता?

द्वीप

द्वीप “चारों ओर जल से घिरे हुए भूखंड को द्वीप कहा जाता है।”

किताब आगे कहती है: “महाद्वीप भी चारों ओर जल से घिरे होते हैं, किंतु आकार में बड़े होने के कारण उन्हें द्वीप नहीं कहा जाता है।” और “इस ग्रह पर विभिन्न आकार के लाखों द्वीप हैं।”

ध्यान रखें: ग्रीनलैंड और भारत के द्वीप

- “विश्व का सबसे बड़ा द्वीप ग्रीनलैंड है”
- “उसके आकार को समझने के लिए आपको भारत के सबसे बड़े 10 राज्यों के क्षेत्रफल को जोड़ना होगा।”
- “भारत में 1,300 से अधिक द्वीप हैं।”
- दो मुख्य द्वीप समूह: बंगाल की खाड़ी में अंडमान और निकोबार, अरब सागर में लक्षद्वीप

हमारी ओर से: ग्लोब पर ग्रीनलैंड ढूँढवाइए, और चित्र 2.4 वाली स्लाइड पर दोनों द्वीप समूह।

भारत के द्वीप, ऊपर से



लक्षद्वीप, अंतरिक्ष स्टेशन से

Astronaut photo ISS021-E-5114, October 2009; Earth Science and Remote Sensing Unit, NASA Johnson Space Center; Wikimedia Commons, public domain.



अंडमान, उपग्रह से

NASA image by Jeff Schmaltz, MODIS Rapid Response Team, Goddard Space Flight Center: Andaman Islands, Bay of Bengal, 10 February 2007; public domain (NASA).

- लक्षद्वीप, अरब सागर में: किनारे पर ज़मीन की पतली पट्टी, बीच में हल्के नीले उथले पानी की झील
- अंडमान, बंगाल की खाड़ी में: द्वीप उत्तर से दक्षिण तक एक कतार में; निकोबार इनसे और दक्षिण में हैं, इसलिए फ़ोटो में नहीं

ध्यान रखें: अंटार्कटिका में भारत

1 **1981 से**
भारतीय अंटार्कटिका कार्यक्रम के अंतर्गत अंटार्कटिका में अन्वेषण

2 **1983**
भारत ने 'दक्षिण गंगोत्री' नामक पहला वैज्ञानिक बेस स्टेशन स्थापित किया

3 **बाद में**
दो और बेस स्टेशन

4 **लगभग 40 दल**
इस सुदूर प्रदेश में भारतीय वैज्ञानिकों के दलों ने विशेष रूप से जलवायु और पर्यावरण के विकास पर शोध कार्य किए

किताब के अनुसार वहाँ की जलवायु "बहुत अधिक ठंडी और कठोर" है, और वैज्ञानिकों के आवास में "एक पुस्तकालय और यहाँ तक कि डाकघर भी है।"

निकास-पर्ची: द्वीप और महाद्वीप में क्या अंतर है? एक वाक्य में लिखिए, और भारत के दो द्वीप समूहों के नाम भी।

5

महासागर और जीवन, और हमारा दायित्व

अगर महासागर न होते, तो क्या आपके गाँव में बारिश होती?

पृष्ठ 37

महासागर न हों तो

वर्षा “उदाहरणार्थ, महासागरों के बिना वर्षा नहीं होगी तो पृथ्वी मरुस्थल बन जाएगी।”

हमारी ओर से: कालांश 3 की बात याद दिलाइए: भारत की मानसूनी वर्षा भी महासागरों से आती है।

पृष्ठ 37

पृथ्वी के फेफड़े

1/2 “दुनिया-भर की आधी ऑक्सीजन महासागर का वनस्पति जगत उत्पन्न करता है। इसीलिए इन्हें ‘पृथ्वी के फेफड़े’ कहा जाता है।”

हमारी ओर से: पूछिए: फेफड़े हमारे शरीर में क्या करते हैं? फिर यह नाम अपने आप समझ में आएगा।

महासागर और मनुष्य

- “महासागर अनेक प्रकार से मानव जाति को प्रभावित करते हैं।”
- आरंभिक काल से लोग महासागरों और सागरों की यात्रा करते आए हैं, ताकि एक जगह से दूसरी जगह जा सकें, सामानों का व्यापार कर सकें, सैनिक अभियान चला सकें और भोजन के लिए मछली पकड़ सकें
- “महासागरों ने पूरी दुनिया के तटीय क्षेत्रों पर रहने वाले लोगों की संस्कृति को भी पोषित किया है।”
- किंवदंतियों और कहानियों में “महासागर के खतरों और उनके आशीर्वाद की बातें मिलती हैं।”

हमारी ओर से: कालांश 1 का ‘शं नो वरुण:’ याद कीजिए। बच्चे समुद्र से जुड़ी कोई कहानी जानते हों, तो सुनाएँ।

8 जून: विश्व महासागर दिवस

8 जून “हमारे दिन-प्रतिदिन के जीवन में महासागर की महत्वपूर्ण भूमिका को याद रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 8 जून को विश्व महासागर दिवस के रूप में घोषित किया है”

पृष्ठ 38

महासागर ख़तरे में

- “वैज्ञानिक अध्ययनों से यह पता चलता है कि मानव की बढ़ती सामुद्रिक गतिविधियों ने महासागरों को प्रदूषित किया है।”
- “हम प्रतिवर्ष लाखों टन प्लास्टिक कचरा समुद्र में फेंकते हैं, जो समुद्री जीव-जंतुओं का जीवन संकट में डालता है।”
- “समुद्रों में आवश्यकता से अधिक मछली पकड़ना भी समुद्री जीवन के पतन का एक और कारण है।”

हमारी ओर से: पूछिए: हमारे घर से निकली प्लास्टिक की थैली समुद्र तक पहुँच सकती है क्या? बच्चे रास्ता सोचें और बोर्ड पर लिखें।

पृष्ठ 38

हम सबका दायित्व

“हम सभी का सामूहिक दायित्व है कि पृथ्वी और मानवता के भविष्य के लिए महासागरों को बचाने का प्रयास करें।”

पाठ्यपुस्तक

हमारी ओर से: कक्षा मिलकर एक हफ़्ते का एक संकल्प लिखे, और अगले हफ़्ते देखे कि निभा या नहीं।

निकास-पर्ची: महासागर हमारे लिए क्या-क्या करते हैं? दो बातें लिखिए, और एक बात जो आप महासागरों के लिए करेंगे।

आगे बढ़ने से पहले: किताब का सार

- “महासागर आपस में जुड़े हुए हैं।”
- “महाद्वीपों को विभिन्न प्रकार से गिना जा सकता है, किंतु सामान्यत: इन्हें सात महाद्वीपों के रूप में गिना जाता है।”
- “दक्षिणी गोलार्ध की तुलना में उत्तरी गोलार्ध में स्थल भाग अधिक है।”
- “महासागर सभी प्रकार के समुद्री जीवन को पोषित करते हैं और विश्व की जलवायु में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।”

किताब के सार में महासागर और महाद्वीप की परिभाषा भी है, और यह भी कि महासागरों को सब मिलकर बचाएँ। हमारी ओर से: बच्चे पूरा सार अपने शब्दों में बोलें।

पूरा अध्याय एक चित्र में



पृष्ठ 27

पहले दिन के दो प्रश्न, अब

2 “महासागर एवं महाद्वीप पृथ्वी पर जीवन को, जिसमें मानव जीवन भी सम्मिलित है, किस प्रकार प्रभावित करते हैं?”

हमारी ओर से: चार्ट पेपर वाले दोनों प्रश्न फिर पढ़िए। हर प्रश्न का जवाब एक-एक बच्चा दो वाक्यों में दे।

6

मूल्यांकन: किताब की प्रश्नावली

पृष्ठ 39–40

किताब की प्रश्नावली: कौन-सा प्रश्न किस कालांश से

प्रश्न	किस बारे में	कालांश
1	महाद्वीप, महासागर और द्वीप की व्याख्या	1, 2 और 4
2	बिना देखे महाद्वीपों का मानचित्र बनाना, फिर किताब के मानचित्र से तुलना	2 और 4
3	विश्व के खाली मानचित्र में महाद्वीपों और महासागरों के नाम	2 और 4
4	वर्ग पहेली	1 से 5

कालांश वाला मिलान हमारी ओर से है। उत्तर शिक्षक संदर्शिका में हैं।

पृष्ठ 39

तीन शब्द, अपने वाक्यों में

3 महाद्वीप · महासागर · द्वीप

हमारी ओर से: हर शब्द के लिए बच्चे एक परिभाषा और एक उदाहरण दें। किताब की परिभाषाएँ कालांश 1 और 4 की स्लाइडों में हैं।

पृष्ठ 39

मानचित्र बनाइए, फिर मिलाइए

- “इस अध्याय में दिए मानचित्रों को देखे बिना अपने हाथ से कागज पर महाद्वीपों का मानचित्र बनाइए और इसमें रंग भरिए।”
- “इसके बाद इस अध्याय में दिए गए महासागरों और महाद्वीपों के मानचित्र के साथ इसकी तुलना कीजिए।”

हमारी ओर से: तुलना के समय चित्र 2.3 वाली स्लाइड परदे पर रखिए। ग़लती गिनने की जगह अंतर ढूँढने की बात कीजिए।


पृष्ठ 39

नाम लिखिए: विश्व का मानचित्र

- “नीचे दिए गए विश्व के मानचित्र में सभी महाद्वीपों और महासागरों के नाम लिखिए।”
- खाली मानचित्र किताब में है; बच्चे उसी पर नाम लिखें

हमारी ओर से: सात महाद्वीप और पाँच महासागर, यानी बारह नाम। जाँचने के लिए चित्र 2.3 वाली स्लाइड दिखाइए।

वर्ग पहेली



वर्ग पहेली के संकेत

बाएँ से दाएँ

- 1. “पृथ्वी पर सबसे बड़ी जलराशि”
- 3. “वह भूखंड जो महाद्वीप नहीं है और चारों ओर सागर या महासागर से घिरा है।”
- 5. “सबसे ठंडा महाद्वीप”
- 7. “महासागरों से उत्पन्न होने वाली बहुत बड़ी विध्वंसकारी लहर”
- 9. “महासागरों द्वारा प्रचुर मात्रा में उत्पन्न”
- 10. “एक बड़ा महाद्वीप, भारत जिसका भाग है।”

ऊपर से नीचे

- 2. “बहुत बड़ा भूखंड”
- 4. “महासागरों में प्रदूषण का मुख्य स्रोत”
- 6. “सबसे छोटा महाद्वीप”
- 8. “पृथ्वी पर सबसे बड़ा द्वीप”

वर्ग पहेली का हल

प्र	शां	त		अं	टा	र्क	टि	का
म			प्ला		सु	ना	मी	
हा			स्टि					ग्री
द्वी	प		क		आ/ऑ	क्सी	ज	न
प					स्ट्रे			लैं
					लि			ड

अध्याय की पहली पंक्ति, फिर से

“महासागर ही सब कुछ है।”

जूल्स वर्न (1870)

हमारी ओर से: अब फिर हाथ उठवाइए, और पहले दिन की गिनती से मिलाइए। जो बच्चे अपनी राय बदलें, वे बताएँ कि अध्याय की कौन-सी बात ने राय बदली।

मरुशाला की कहानी

दो शिक्षक, एक मरुशाला



भरत चौधरी

व्याख्याता

रा.उ.मा.वि. जेठन्तरी · ब्लॉक समदड़ी, जिला बालोतरा



वनिता कुमारी

व्याख्याता

रा.उ.मा.वि. रामसीन मूंगड़ा · ब्लॉक एवं जिला बालोतरा

फ़ोन के कैमरे से स्कैन कीजिए

यह स्लाइड शो ऑनलाइन

marushala.com/teach/slides/class-6/social-science/mahasagar-evam-mahadweep

विद्यार्थियों के लिए रिवीजन नोट्स

marushala.com/notes/class-6/social-science/revision-notes/mahasagar-evam-mahadweep

MARUSHALA **marushala.com** निःशुल्क · बिना लॉगिन · हिन्दी और अंग्रेज़ी